Allotment of Time for Discussion

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री श्री राममोहन नायडु ? उपस्थित नहीं ।

माननीय सदस्यगण, शफी परम्बिल जी को देश में हवाई किराये के विनियमन हेतु समुचित उपाय के बारे में गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्प पर बोलने के लिए आमंत्रित करने से पहले सभा के द्वारा इस पर चर्चा के लिए समय का आवंटन किया जाता है । यदि सभा सहमत हो तो इस पर चर्चा के लिए दो घंटे समय का आवंटन कर दिया जाए ।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : सर, यह बहुत कम समय है, इसको कृपया बढ़ा दिया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : अभी दो घंटे करते हैं, फिर बाद में बढ़ा दिया जाएगा ।

आइटम नंबर ? 50, श्री शफी परम्बिल । ? (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, the concerned Minister is absent. This is not fair. The Private Members? Business is also having same importance like the Government Business. None of the concerned Ministers of the Ministry of Civil Aviation are present in the House. This is not fair.

माननीय अध्यक्ष : वह जल शक्ति मंत्री जी को अधिकृत करके गए हैं ।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: No other Minister has also been entrusted with the responsibility. Nothing is there. The Speaker has no intimation or information. This is a grave mistake on the part of the Minister. The Private Members? Business is having equal importance like that of the Government Business.

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सर, एन. के. प्रेमचन्द्रन साहब बहुत ही विद्वान सांसद हैं । किसी भी विषय की जिम्मेदारी पूरी कैबिनेट की होती है । मंत्री उस विभाग को देखता है । यहां दो-दो कैबिनेट मिनिस्टर्स बैठे हुए हैं । जीतन राम माँझी साहब और सी.आर. पाटिल साहब बैठे हैं । यह प्राइवेट मैम्बर्स बिल है और मुझे लगता है कि इस पर चर्चा होने देनी चाहिए । इस तरह का मुद्दा उठाने से हमारा ही नुकसान है, क्योंकि यह समय सरकार का नहीं है । यह हमारा समय है । वह पहली बार सांसद बने हैं और उनको मौका मिला है तो मुझे लगता है कि किसी प्रकार का कंफ्यूज़न क्रिएट किए बिना हमें डिसक्शन स्टार्ट कर देना चाहिए ।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: No, we are not raising any objection. He will move the Resolution. Was intimation given to the hon. Speaker that the concerned Minister will not be present? This is the first Private Members? Resolution coming before the House and the concerned Minister is absent. The Cabinet Ministers present are not responding, and the response is coming from Mr. Nishikant Dubey.

Let the Government say it. You are also equal to us. We are all private Members. Let the Government say. The Government is not speaking anything. The Government is silent on this matter. How can Nishikant Dubey ji speak? How can he respond to it?

श्री राजीव प्रताप रूडी : अध्यक्ष जी, अगर ऐसा ही है और माननीय सदस्य चाहते हैं कि माननीय मंत्री जी का यहां पर होना स्वाभाविक है तो आप आधे घंटे के लिए सभा को स्थगित करके दोबारा शुरू करवा दीजिए ।? (व्यवधान)

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री जीतन राम माँझी): अध्यक्ष महोदय, अभी निशिकान्त दुबे जी ने ठीक ही कहा है कि मंत्रिमंडल का मतलब होता है कि सभी मंत्री सदन में न बैठकर अगर एक मंत्री या दो मंत्री भी रहते हैं तो हम उसे रिप्रेजेंट करते हैं । यहां पर हम तीन-तीन मंत्री बैठे हैं और सब रोस्टर में लगे हुए हैं इसलिए यह कहना कि सरकार नहीं है और मंत्री नहीं है, मेरी समझ से माननीय सदस्य की यह बात उचित नहीं है । हम सब प्रेजेंट हैं, सरकार प्रेजेंट है और हम सुन रहे हैं ।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, यह सबकी कलेक्टिव रिस्पॉन्सिबिलिटी है । अब चर्चा शुरू कीजिए । मैंने इंफॉर्म कर दिया है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह मित्रता का सवाल नहीं है । यह व्यवस्था का सवाल है ।

अब श्री शफी परम्बिल संकल्प प्रस्तुत करें ।

16.00 hrs